26 korba-Bhoomi pg1_Layout 1 6/26/2024 11:31 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 27 जून 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


4 धूल के गुबार और कीचड़ से सड़क पर आवागमन करना हुआ मुश्किल



## खबर संक्षेप

### साढ़े 4 करोड़ से अधिक विकास कार्यों के हुआ अनुमोदन

**कोरबा।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई। बैठक में 15वां वित्त आयोग अनुदान वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जिला पंचायत की सामान्य सभा के द्वारा गाइडलाइन के अनुसार स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा एवं अधोसंरचना अंतर्गत कुल 4 करोड़ 58 लाख 74 हजार रुपए के विकास कार्यों की कार्ययोजना का अनुमोदन उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा की उपस्थिति में हुई सामान्य सभा की बैठक में पूर्व निर्धारित एजेंडा अनुसार शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, खनिज न्यास मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर ने विभागों के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### एससीसीएल की तर्ज पर मिले दुर्घटना बीमा का लाभ : रेड्डी

**कोरबा।** बीएमएस ने कोल इंडिया से सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) की तर्ज पर दुर्घटना बीमा का लाभ देने की मांग की है। इस संबंध में बीएमएस के अपेक्स जेसीसी सदस्य के लक्ष्मारेड्डी ने कोल इंडिया चेयरमैन को पत्र लिखा है। जेसीसीसी सदस्य लक्ष्मारेड्डी ने उम्मीद जताई कि इसपर सकारात्मक निर्देश प्राप्त होंगे। लक्ष्मारेड्डी ने पत्र में लिखा है कि हाल ही में सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के लाभार्थ जीवन-बीमा योजना के अंतर्गत कुछ बैंकरों के साथ समझौता किया है। इसके तहत प्रत्येक स्थायी कर्मचारी का एक करोड़ और प्रत्येक ठेका कर्मचारी का 40 लाख का दुर्घटना बीमा शून्य प्रीमियम के साथ किया जा रहा है। एपेक्स जेसीसी सदस्य ने लिखा है कि सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की उनके कर्मचारियों के हितार्थ की गई यह एक सराहनीय पहल है।

### मौसम की बिगड़ी चाल ने किसानों की बढ़ाई टेंशन

**कोरबा।** मौसम के बिगड़े चाल ने किसान और लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। मंगलवार की सुबह लगभग एक घंटे तक आसमान गरज के बीच हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके बाद दिनभर तेज धूप की वजह से उमस गर्मी से लोग हलाकान हुए। बुधवार को भी धूप खिली रही। वहीं बारिश नहीं होने से वर्षा पर निर्भर किसानों की चिंता बढ़ा रही है। बुधवार की सुबह आसमान में बदली छाई रही। इस बीच लगभग एक घंटे तक आसमान गरजती रही। सूर्य की तेज किरणों की वजह से धरती तपती रही। सुबह हल्की बूंदाबांदी की वजह से वातावरण में नमी बनी रही। इस कारण उमस भरी ने लोगों को खूब परेशान किया। बुधवार को भी धूप खिली रही, जिसकी वजह उमस का सामना करना पड़ा। लोगों ने गर्मी से राहत पाने के लिए पंखा, कूलर, एसी की ठंडी हवाओं का सहारा लिया लेकिन लोगों को उमस गर्मी की वजह से राहत नहीं मिली।

### खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**कोरबा।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के लिए हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजनांतर्गत आवेदन के लिए उद्यमी की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं उद्यमी का अंशदान होगा। उद्यमियों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक के साथ आवेदन करें। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं। इसमें हितग्राहियों को वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

# एनजीटी की टीम शहर की साफ सफाई सीवरेज मैनेजमेंट की जुटाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्वच्छता सर्वेक्षण के पहले शहर की सफाई और सीवरेज मैनेजमेंट को देखने एनजीटी की टीम शहर पहुंच गई है। एनजीटी की टीम गुरुवार की सुबह ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन, एसएलआरएम सेंटर, साफ सफाई सहित डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व डस्टबिनों में गीला व सूखा कचरा का निरीक्षण करेगी।

एनजीटी की टीम प्रदेश के नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत निरीक्षण कार्य में जुटी हुई है। एनजीटी की टीम प्रदेश के कई बड़े नगरीय निकायों में शहर की साफ सफाई और सिवरेज मैनेजमेंट का निरीक्षण कर रही है। इसी कड़ी में एनजीटी की टीम ने शहर आमद दे दी है। टीम द्वारा नगर निगम क्षेत्र में किए जा रहे साफ सफाई सहित पूरे सिस्टम का जायजा लिया जाएगा। टीम द्वारा अलग अलग वार्डों में जाकर साफ सफाई व सिवरेज की गहनता से निरीक्षण करेंगे। इस दौरान एनजीटी की टीम अलग अलग वार्डों में निवासरत लोगों से भी साफ सफाई व स्वच्छता को लेकर चर्चा कर सकते हैं। सूत्रों की मानें तो एनजीटी की टीम अलग से शहर के कुछ स्थानों जाकर स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी जुटा सकती है। ⏭ शेष पेज 3 पर

### स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले एनजीटी की टीम पहुंची शहर

**खास बातें**

- एसएलआरएम सेंटर व कचरा डंपिंग यार्ड का कर सकती है निरीक्षण
- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, साफ सफाई का लेगी जायजा




**आ सकती है टीम**

एनजीटी टीम को लेकर अभी जानकारी नहीं है। टीम की आने की संभावना है एनजीटी की टीम द्वारा पूरे नगर निगम में स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर किए गए कार्यों व सिस्टम की जानकारी जुटाई जाएगी।

-**डॉ संजय तिवारी,** स्वच्छता अधिकारी नगर निगम कोरबा

### टीम में दिल्ली सहित कई राज्यों के अधिकारी शामिल

एनजीटी की टीम में दिल्ली, भोपाल, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के कई अधिकारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान एनजीटी की टीम में शामिल अधिकारियों द्वारा निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, स्लाटर हाउस और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की जानकारी लेने की संभावना है। इस दौरान एनजीटी की टीम द्वारा सभी सेंटर की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। साथ ही निरीक्षण के दौरान प्वाइंट भी नोट किए जाएंगे।

## जिले में 50 से अधिक सब स्टेशन होते हैं संचालित

# सबस्टेशन कर्मी 5 दिन से हड़ताल पर, आंधी आई तो स्थिति हो सकती है विस्फोटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में उपभोक्ताओं के घरों तक सुचारू रूप से विद्युत व्यवस्था जारी रहे इसके लिए अलग-अलग स्थान में सब स्टेशन स्थापित किए गए हैं। इन सब स्टेशन का संचालन ठेका पद्धति के माध्यम से किया जाता है। सब स्टेशन में काम करने वाले ठेका श्रमिकों को कभी भी समय पर वेतन मिलता है और ना ही अन्य सुविधाएं जिसके चलते ठेका कर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में 50 से अधिक सब स्टेशन हैं। जिन सब स्टेशन का संचालन विद्युत विभाग द्वारा जेबीएस नामक ठेका कंपनी को दिया गया है। जेबीएस ठेका कंपनी के अधीन लगभग 200 से अधिक ठेका कर्मी सब स्टेशन में चार अलग-अलग पालियों में ड्यूटी करते हैं। इन सभी ठेका कर्मियों को जेबीएस नामक ठेका कंपनी द्वारा 2 महीने का ना ही वेतन दिया गया है और ना ही 6 महीने का बोनस दिया गया है। ठेका कर्मी लगातार अपने वेतन के लिए ठेकेदार व अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं ताकि उनका घर परिवार चल सके लेकिन गुहार लगाने के बाद भी उनका वेतन नहीं मिल पा रहा है। जिसे लेकर 22 जून से सभी ठेका श्रमिक हड़ताल पर हैं जिससे विद्युत वितरण विभाग की व्यवस्था बिगड़ने लगी है। हालांकि सब स्टेशन के संचालन के लिए नियमित कर्मचारियों की तैनाती जरुर की गई है लेकिन कभी भी आंधी तूफान आने की वजह से स्थिति विस्फोटक हो सकती है हालांकि इस बार ठेका कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक वे हड़ताल पर ही डटे रहेंगे। देखना होगा कि इस बार ठेका कर्मियों को विद्युत वितरण विभाग के अधिकारी कौन से झुनझुना थमाते हैं।

**खास बात**

- जेबीएस नामक ठेका कंपनी के अधीन काम करते हैं ठेका कर्मी



वितरण विभाग कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

### ठेका कंपनी के आने से बुरा हाल है कर्मियों का

जेबीएस ठेका कंपनी को सब स्टेशन संचालन का जिम्मा दिया गया है। इस ठेका कंपनी के माध्यम से ही ठेका कर्मियों को भुगतान किया जाता है लेकिन जब से ठेका कंपनी ने जिले में काम संभाला है तब से इन ठेका कर्मियों को कभी भी समय पर वेतन नहीं मिला है। लंबे समय से वेतन को लेकर विवाद चल रहा है। बार-बार ठेका कर्मी अधिकारियों से जाकर अपनी रोजी-रोटी की दुहाई देते हैं और वेतन भुगतान करने की बात करते हैं लेकिन न जाने क्यों ठेकेदार वेतन के लिए ध्यान नहीं देते हैं और ना ही अधिकारी। जिसके चलते बार-बार हमेशा ऐसे ही स्थिति निर्मित होती है।

# जंगली सुअर को फंसाने बिछाया गया था जाल, युवक आया चपेट में, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जंगल में वन्य प्राणियों का शिकार थमने का नाम नहीं ले रहा है। जंगल में जंगली सुअर व हिरण को मारने के लिए करंट का जाल बिछाया जा रहा है। ऐसे ही जाल एक गांव के जंगल में बिछाया गया था जहां दिशा मैदान के लिए पहुंचा एक युवक जाल की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



मृतक

उल्लेखनीय है कि उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कचौरा निवासी गणेश कंवर 23 वर्ष पिता चमन कंवर अपने एक रिश्तेदार के साथ 25 जून की रात दिशा मैदान के लिए गांव के जंगल की ओर गया हुआ था। इस दौरान जंगल में किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा जंगली सुअर को मारने के लिए करंट का जाल बिछाया गया था जिसकी चपेट में आने से गणेश गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में इसकी सूचना परिजनों को दी गई। जिसके उपरांत सांस चलने की उम्मीद से परिजन गणेश कंवर को उपचार के लिए चांपा स्थित अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में उरगा पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है।

### वन विभाग नहीं दिखा रहा है गंभीरता

जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में वन प्राणियों का शिकार लगातार सामने आ रहा है। पिछले दिनों पर कटघोरा वनमंडल में जहां तेंदुए के शिकार का मामला सामने आया था तो वहीं कई बार जंगली सुअर का शिकार का मामला अक्सर सामने आते रहता है। जंगल में जंगली सुअर को मारने के लिए करंट का जाल बिछाया जाता है लेकिन इसके बाद भी वन विभाग की टीम इस तरह के कृत्य को अंजाम देने वाले लोगों की धरपकड़ करने में असमर्थ है। जिससे अब वन्य प्राणियों के साथ-साथ आम लोगों को भी जान जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों को जंगलों में ऐसे लोगों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए ताकि ऐसे लोगों को जमकर सबक सिखाया जा सके।

# कोल पेंशनर की मृत्यु के बाद आश्रित को मिलने वाली पेंशन में नहीं होगी कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल पेंशनर की मृत्यु के बाद भी जारी पेंशन मृतक के आश्रित को मिलने वाले पेंशन की राशि से कटौती नहीं होगी। बल्कि आश्रित को मिलने वाले एरियर से एडजस्ट किया जाएगा।

**खास बात**

- सीएमपीएफ प्रबंधन और ट्रस्टी बोर्ड के सदस्यों के बीच बनी सहमति

सीएमपीएफ कमिश्नर विजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में ट्रस्टी बोर्ड के सदस्यों के साथ बिलासपुर में आयोजित बैठक में उक्त प्रस्ताव पर दोनों पक्षों में सहमति बनी। एचएमएस से ट्रस्टी बोर्ड के सदस्य राकेश कुमार ने कोल पेंशनरों की मृत्यु के बाद मिल रहे पेंशन की राशि की कटौती उसके विडो को मिलने वाले पेंशन की राशि से काटे जाने का मुद्दा उठाया। ट्रस्टी बोर्ड के सदस्य ने कहा कि पेंशनर की मृत्यु के बाद भी बैंक से स्टेटमेंट आने और मृत्यु सर्टिफिकेट जमा होने में समय लगता है। तब तक पेंशनर का पेंशन जारी रहता है। आश्रित एटीएम से राशि की निकासी कर खर्च कर देते हैं। पेंशन बंद होने या आश्रित के पेंशन शुरू होने में 4 से 6 महीने से अधिक का समय लग जाता है। ऐसे में विधवा के पेंशन से राशि से कटौती करने पर परिवार के समक्ष आर्थिक तंगी होना स्वभाविक है। उन्होंने सुझाव दिया कि विधवा को मिलने वाले पेंशन के बजाए उसके एरियर से राशि की कटौती कर एडजस्ट किया जाए। जिसे प्रबंधन ने मान लिया। पेंशन शुरू होने में आ रही तकनीकी बाधाओं को दूर करने पर मीटिंग में गंभीरता से विचार किया गया। सदस्यों ने आवेदक के नाम में फोटों नहीं होने, नाम में मिसमैच होने समेत अन्य मुद्दों को प्रबंधन के समक्ष रखा। सर्व सम्मति से यह निर्णय हुआ कि संबंधित कोल कंपनी प्रबंधन द्वारा भेजे गए सर्टिफिकेट को आधार मानते हुए पेंशन शुरू करने की प्रक्रिया को अमल में लाया जाए। सदस्यों ने ऑनलाइन सेटलमेंट में व्याप्त कमियों को दूर करने का प्रबंधन को सुझाव दिया। इस मौके पर आयुक्त विजय कुमार मिश्र, एसईसीएल के डीपी बिरंची दास, जबलपुर व बिलासपुर के क्षेत्रीय आयुक्त आरएस कश्यप व ट्रस्टी की ओर से एचएमएस के राकेश कुमार, बीएमएस के आशीष मूर्ति, सीटू के डीडी रामानंदन उपस्थित थे।

# डॉक्टर के सूने मकान में चोरों ने बोला धावा, सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के दीपका स्थित अस्पताल में पदस्थ एक डॉक्टर के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। डॉक्टर की लिखित शिकायत पर पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के विकासनगर आफिसर्स कालोनी में हुई वारदात

कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर ऑफिसर कॉलोनी सी-5 में निवासरत चिकित्सक अरविंद कुमार वर्तमान में एसईसीएल अस्पताल दीपका में पदस्थ है। अरविंद की पत्नी केंद्रीय विद्यालय कुसमुण्डा में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। अरविंद अपनी पत्नि को 25 जून को सुबह 7:15 बजे स्कूल छोड़कर वापस घर लौटा था फिर लगभग 9:30 बजे डयूटी पर दीपका गया था। घर में ताला बंद किया था। शाम लगभग 4 बजे अरविंद की पत्नि श्रीमति रेखा जोशी ने अरविंद को फोन कर बताया कि घर के पीछे का दरवाजा खुला हुआ है। घर के अंदर आलमीरा का सामान बिखरा हुआ दिख रहा है और आलमारी के अंदर रखे सोने चांदी के जेवरात 4 नग कंगन, 2 नग मंगलसूत्र, 3 नग चैन लकेट, 1 नग नेकलेस, 5 नग अंगूठी, 10 नग कान का रिंग, 1 नग मांग टीका व सोने का गठुला नगदी रकम 15 हजार रुपए सहित लाखों का माल अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है।

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर

कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर ऑफिसर कॉलोनी निवासी डॉ अरविंद कुमार के घर चोरी की घटना सामने आते ही कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं डॉग स्क्वायड एवं फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की टीम को मौके पर तलब किया गया था। जहां पुलिस की टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर सैंपल संग्रहण किया गया हे। वहीं जांच के दौरान पाया कि चोर पीछे दीवाल कूद कर घर में घुसे जिसकी वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बताया जा रहा है कि डॉ अरविंद कुमार की बेटी की कुछ दिनो में शादी हैं ऐसे में सोने चांदी के गहने और केश बड़ी मात्रा में घर के अलमारी में रखे हुए थे। जिस वक्त ये घटना हुई घर पर कोई नही था,सूनेपन का फायदा उठाकर चोर बड़ी आसानी से घर में घुसकर हाथ साफ कर गए।

## निजी जमीन को लेकर दर्ज कराई गई थी आपत्ति, सीमांकन के लिए गठित की गई थी टीम

# बरबसपुर में बनने वाले नए टीपी नगर की जमीन का सीमांकन टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कई कारणों से बरबसपुर में नए ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना के लिए प्रक्रियाएं होना हैं। मौके पर प्रस्तावित सीमांकन की प्रक्रिया जो आज होनी थी, उसे दो दिन के लिए टाल दिया गया है। प्रशासन, राजस्व और निगम के अधिकारी इनमें शामिल हैं। इनकी उपस्थिति में सीमांकन की प्रक्रिया पूरी करायी जाएगी।

इस सबंध में मिली जानकारी के अनुसार 72 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल जमीन को नवीन ट्रांसपोर्ट नगर के रूप में विकसित करना है। जिसके लिए निगम क्षेत्र के बरबसपुर को चयनित किया गया है, जहां पर जमीन की तलाश पिछले वर्षों में की गई। तकनीकि और वित्तीय पेंच इस मामले में लगातार सामने आते रहे। जिसके लिए एक बार फिर चयनित जमीन का सीमांकन कराने के लिए नगर निगम व राजस्व विभाग की टीम गनाई गई है, जिनके द्वारा बुधवार को जमीन के सीमांकन का कार्य किया जाना था, लेकिन तहसीलदार और एसडीएम के अवकाश में होने एवं अन्य तकनीकी कारणों से जमीन सीमांकन के कार्य को स्थगित कर दो दिन के लिए टाल दिया गया है। अधिकारियों की उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही की जाएगी। बताया जाता है कि जिस क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित किया जाना है वहां कुछ लोगों की निजी जमीन होने की बात सामने आई है और इसके लिए संबंधित पक्ष के द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई थी, जिनके निराकरण के लिए सीमांकन कराए जाने का निर्णय लिया गया ताकि टीपी नगर निर्माण को लेकर आ रही समस्या का समाधान किया जा सके। जिसके लिए नगर निगम के राजस्व अधिकारी व जिला प्रशासन के राजस्व अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर बुधवार को सीमांकन करना तय किया गया था, किंतु तहसीलदार कोरबा व एसडीएम कोरबा के अवकाश में होने एवं नगर निगम के अधिकारियों के अन्य कार्यों में व्यस्त होने के कारण बुधवार को होने वाले सीमांकन की कार्यवाही टाल दी गई है। आने वाले दिनों में सीमांकन कार्यवाही की जाएगी।



फाइल फोटो

**डंपिंग यार्ड की जमीन का मामला**

बरबसपुर में नगर निगम का डंपिंग यार्ड है। उक्त जमीन का सीमांकन किया जाना है जिसके लिए टीम गठित है। नगर निगम की बरबसपुर में जमीन स्थित है उसे चिन्हांकित करना है, इसके लिए आवेदन मिला था।

-**अमित झा,** अधीक्षक भू-अभिलेख कोरबा

**उन्हें जानकारी नहीं**

बरबसपुर जमीन के सीमांकन के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। हो सकता है आरआई पटवारी गए होंगे।

-**अमित केरकेट्टा,** प्रभारी तहसीलदार, कोरबा

### युवती पर चाकू से जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**कोरबा।** मोरगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परला निवासी मनीता तिग्गा ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 25 जून की शाम लगभग 5 बजे मिश्रा ढाबा कापानवापारा के किचन रूम गई हुई थी इस दौरान अविनाश खलखो निवासी परला शराब पीकर मनीता तिग्गा के पास किचन में आ गया एवं वह मनीता को बोला कि वह शराब पिया है उसे और शराब पीनी है। 2 सौ रूपये दो तब मनीता ने अविनाश को पैसा नहीं है कहा तब अविनाश के द्वारा मनीता से गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दिया गया और अविनाश वहां से चला गया एवं करीबन 10 मिनट बाद पुनः मिश्रा ढाबा के अंदर किचन में आ गया और अविनाश शराब का पैसा नहीं दे रहे हो कहकर अपने पाकिट से एक सब्जी काटने का चाकू निकालकर जान से मारने की नियत से हमला कर दिया है।



# 'रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए' : नाना

**मुंबई।** नाना पाटेकर भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकार हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं और कई यादगार किरदार निभाए हैं। हाल में ही उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ अपने मतभेदों पर खुलकर बात की है। उन्हें लगता है कि रिश्ते काम से बढ़कर होने चाहिए।इस दौरान उन्होंने 'खामोशी' फिल्म के सेटर पर हुए एक घटना का भी जिक्र किया। फिल्म के एक सीन में नाना पाटेकर अपनी पत्नी की तरफ पीठ कर पत्ते खेल रहे थे। इस सीन में उनकी पत्नी को दिल का दौरा पड़ता है। इस सीन को लेकर पाटेकर ने कहा कि संजय को उम्मीद थी कि वह पलट जाएंगे।

## लाइफ Style

# जाह्नवी बुरी तरह हुईं ट्रोल

एजेंसी ⏭ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने हाल में हुए पेरिस हाउते कॉउचर वीक में रैंप वॉक किया। उन्होंने धूम मचा दी। जाह्नवी ने गई मरमेड से इंस्पायर्ड राहुल मिश्रा का डिजाइन किया हुआ गाउन पहना और हाउते कॉउचर वीक में इंटरनेशनल डेब्यू किया। जाह्नवी का रैंप वॉक करते हुए एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर डाइट सब्या ने शेयर किया।

इंटरनेशनल लेवेल पर भले ही जाह्नवी की सराहना की जा रही हो, लेकिन नेटिजंस उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनकी वॉक का मखौल उड़ा रहे हैं। डाइड सब्या ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि जाह्नवी कपूर ने ब्लू मरमेड-स्टाइल गाउन पहना। इसके लंबी टेल थी। उन्होंने साथ में बस्टियर और एम्बेलिश्ड टॉप पहना हुआ था। जाह्नवी के साथ कई अन्य मॉडल्स को भी वॉक करते हुए देखा गया। यह रैंप वॉक ऑरा नाम के कलेक्शन ब्रांड की थीम से इंस्पायर था। जाह्नवी कपूर के रैंप वॉक के इस अंदाज पर ऑडियंस कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने तो उनकी तुलना अदिति राव हैदरी के गजगामिनी वॉक से कर दी। यूजर ने लिखा,'वह रनवे पर धीताम धीताम धीना कररही है? इस चलन को रोकने की ज़रूरत है!' एक यूजर ने पूछा, 'क्या ये वॉक है?' एक यूजर ने लिखा, 'ऐसे लग रहा है कोई मुर्दा, कब्र से निकलकर चल रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'क्या वीडियो स्लो-मो में है, या यह रियल टाइम में है?' एक ने लिखा, 'इससे बढ़िया रैंप वॉक तो अनन्या पांडे ही कर लेती है।' एक और यूजर ने लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह सोते-सोते वॉक कर रही है।'




## हॉलीवुड मसाला




# स्पीलबर्ग पर बन रही है डॉक्यूमेंट्री

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड के महान निर्देशक स्टीवन स्पीलबर्ग की फिल्म 'जॉज' 20 जून 1975 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। अब तक शार्क यानि व्हेल मछलियों पर जितनी फिल्में बनी हैं 'जॉज' उन सभी फिल्मों में बेस्ट मानी जाती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो नेशनल ज्योग्राफिक 'जॉज' के 50 साल पूरा करने की खुशी में अब एक डॉक्यूमेंट्री का निर्माण करने जा रहा है। इस डॉक्यूमेंट्री को तात्कालिक नाम 'जॉज @50' दिया गया है।




# अर्नोल्ड श्वार्जनेगर बच्चों के लिए हैं चिंतित

**लॉस एंजिलिस।** अर्नाल्ड श्वार्जनेगर ने ऑस्ट्रियाई विश्व शिखर सम्मेलन के नए संस्करण में कहा, 'हम केवल कार्रवाई के बारे में चिंतित हैं। यह कार्यक्रम उन्होंने आठ साल पहले शुरू किया था। अब केवल बात करने से काम नहीं चलेगा। हम सभी प्रदूषण मुक्त दुनिया के बारे में एक ही दृष्टिकोण साझा करते हैं। हमें अपने बच्चों को बचाने, अपने ग्रह को बचाने और अपने भविष्य को बचाने के लिए ठोस कदम उठाना होगा और साथ ही इसे रोकने के लिए जो कुछ भी करना है, वह करना होगा।' शिखर सम्मेलन 'बी यूजफुलः टूल फॉर ए हेल्दी प्लेनेट' के बैनर तले आयोजित किया गय। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस समाधान खोजना था। इस समारोह के दौरान अर्नाल्ड ने वहां पर मौजूदा लोगों से कहा 'आपके पास शक्ति है।'



# ओवरसाइज जैकेट में दिखाया फैशन

**नई दिल्ली।** कैटरीना कैफ और उनके विक्की कौशल पति को हाल ही में मुबंई एयरपोर्ट पर देखा गया। इस दौरान कैटरीना ने फिर से अपने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। सामने आई फोटो में कैट एक ब्लैक कलर की स्वेटशर्ट और मैचिंग पैंट के साथ एक ओवर साइड डेनिम जैकेट पेयर किया था. वह खुले बाल, ब्लैक सनग्लासेस और मैचिंग ब्लैक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा किया था। इस दौरान वह बेहद प्यारी लगीं। हालांकि, उनके लुक ने एक बार फिर से उनकी रूमर्ड प्रेग्नेंसी को हवा दे दी। सामने आए वीडियो और फोटो को देख नेटिजन्स ये दावा कर रहे हैं कि कैटरीना प्रेग्नेंट हैं। उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी और बेबी बंप छुपाने के लिए ओवर साइज कपड़े पहन रखा है। कैटरीना के वीडियो को पैपराजी वीरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।




# '35 चिन्ना काडू...' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री निवेथा थॉमस की नई फिल्म का ऐलान हो गया है। वो लंबे समय से फिल्मों की दुनिया से दूर थीं और उनके प्रशंसक उनकी नई फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। निवेथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए दर्शकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है। निवेथा थॉमस ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म का पोस्टर रिलीज किया। उनकी नई फिल्म का '35 चिन्ना कथा काडू' है, जो काफी अलग किस्म का है। फिल्म का पोस्टर भी काफी एकदम हटकर है, जो दर्शकों के बीच इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुकता पैदा कर रहा है। '35 चिन्ना कथा काडू' के पोस्टर को देखकर यह कहना मुश्किल नहीं है कि इस फिल्म की कहानी तिरुपति में सेट हो सकती है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस के घर से बाहर हुआ पहला सदस्य मिड-वीक एविक्शन ने मचाया हड़कंप...

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी-3 का पहला एलिमिनेशनः बिग बॉस ने घरवालों को जोरदार झटका दिया है। दरअसल, बिग बॉस ने सीजन की शुरुआत में ही मिड-वीक एविक्शन कर डाला है। जी हां, बिग बॉस ने टास्क के दौरान शिवानी कुमारी और नीरत गोयत में से एक सदस्य को घर से बेघर कर दिया है। अब सवाल यह उठता है कि चार दिन में घर से बेघर होने वाले इस सदस्य का नाम क्या है? घरवालों ने शिवानी को सेफ किया और नीरज को घर से बेघर कर दिया। 32 साल के नीरज गोयत हरियाणा के करनाल जिले के बेगमपुर गांव के रहने वाले हैं। नीरज पेशे से एक प्रो-बॉक्सर हैं, जिन्होंने डब्लूबीसी एशिया खिताब अपने नाम किया है। नीरज अपने फैंस के साथ अपनी बॉक्सिंग की रील्स और अपनी लाइफ के खास पलों को शेयर करते रहते हैं। यही कारण है कि सोशल मीडिया पर उनकी काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। बॉक्सिंग करने के अलावा, नीरज फिल्मी सितारों को ट्रेनिंग देने का भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'तूफान' फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर-निर्देशक फरहान अख्तर को मुक्केबाजी की ट्रेनिंग दी थी। साथ ही वो रणदीप हुड्डा, राम चरण और कई बड़े बॉक्सर्स के साथ भी नजर आ चुके हैं।

# करण ने माना बोरिंग था 'कॉफी विद करण 8' का रैपिड फायर

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता-डायरेक्टर करण जौहर ने पुष्टि की है कि उनके कंट्रोवर्सियल और और पॉपुलर चैट शो, 'कॉफी विद करण'का



अगला सीजन 2025 में आएगा। अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में करण अपने बीते चैट शो और आने वाले शो के बारे में काफी मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक साल की छुट्टी लेना चाहते हैं और पिछले साल मिले फीडबैक को देखते हुए वह अगले साल नए अंदाज में शो का नौवां सीजन लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार सेलिब्रिटी कई टॉपिक पर खुलकर बात करने से 'डरते' हैं.। हालांकि, उनका मानना है कि पहले सेलिब्रिटी मेहमान खुलकर अपनी राय रखते थे। आगे उन्होंने डायरेक्टर महेश भट्ट का उदाहरण देते हुए करण ने कहा, 'भट्ट साहब जिस तरह के हैं, वह मुझे अब भी ऐसे ही जवाब देंगे।



# लोगों को गुदगुदाते नजर आएंगे नंदमुरी बालकृष्ण

मुंबई। इन दिनों नंदमुरी बालकृष्ण के सितारे बुलंद हैं। वो तीसरी बार हिंदूपुर से विधायक बने हैं और उनकी फिल्में भी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। साल 2021 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'अखंडा' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। अब वो अपनी नई फिल्म 'एनबीके 109' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में, इस फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण लोगों को गुदगुदाते हुए नजर आएंगे। उनके किरदार में एक कॉमेडी टच देखने को मिलेगा। इस खबर को जानकर नंदमुरी बालकृष्ण के फैंस का उत्साह बढ़ने लगा है और अब वो उनके रोल को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस जानकारी के सामने आने से अब चर्चा चल रही है कि यह फिल्म मजेदार होने वाली है। 'एनबीके 109' का निर्देशन केएस रविंद्र कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में, चिरंजीवी के साथ 'वाल्टेयर वीरय्या' के रूप में एक ब्लॉकबस्टर फिल्म दी है। 'एनबीके 109' में नंदमुरी बालकृष्ण के अलावा चांदनी चौधरी भी मुख्य किरदार अदा कर रही हैं। इन दोनों के अलावा अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अभिनय करती दिखाई देंगी। खास बात यह है कि बॉबी देओल की भी फिल्म में एंट्री हो चुकी है। कहा जा रहा है कि यह एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म होने वाली है।

# महज 2 करोड़ के बजट में फिल्म ने कमाए थे 100 करोड़, मूवी के नाम रहा ये रिकॉर्ड

**मुंबई।** साल 2010 के बाद से अगर किसी फिल्म की कमाई ने 100 करोड़ से ज्यादा का आंकड़ा पार किया है तो उस फिल्म को हिट या उससे आगे का वर्डिक्ट मिल जाता है। फिल्मों के लिए 100 करोड़ की कमाई करना आज के समय में मुश्किल नहीं है, लेकिन लगभग 40 साल पहले ये लोगों की सोच से भी दूर था। अगर हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ क्लब में जाने वाली फिल्म की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म थी। फिल्म डिस्को डांसर (1982) ने बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी थी और इस फिल्म के गाने सुपर-डुपर हिट हुए थे।

***'डिस्को डांसर' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन :*** 'आई एम अ डिस्को डांसर', 'जिम्मी जिम्मी आजा आजा', 'याद आ रहा है...तेरा प्यार' जैसे कई सुपरहिट गाने फिल्म डिस्को डांसर के ही हैं।



मिथुन चक्रवर्ती को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। फिल्म डिस्को डांसर का बजट 2 करोड़ रुपए था, जबकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था। इसके साथ ये फिल्म हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ कमाने वाली फिल्म बन गई थी। यही फिल्म का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था और साथ ही इस फिल्म या इसके गानों को ना सिर्फ भारत में लोकप्रियता मिली थी, बल्कि विदेशों में भी इसके गाने खूब पसंद किए गए थे।

## 'डिस्को डांसर' डायरेक्टर और कास्ट

बब्बर सुभाष ने ना सिर्फ फिल्म डिस्को डांसर का प्रोडक्शन संभाला था, बल्कि उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी की थी। फिल्म डिस्को डांसर में मिथुन चक्रवर्ती लीड रोल में थे, जबकि कल्पना अय्यर, हीता सिद्धार्थ मास्टर छोटू, ओम पुरी जैसे कलाकार भी इस फिल्म में नजर आए थे। फिल्म का म्यूजिक बप्पी लाहिड़ी ने तैयार किया था। वहीं, इसके लगभग सभी गाने बप्पी लाहिड़ी और उषा उथुप ने गाए थे। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स और अमेजॉन प्राइम वीडियो जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर देख सकते हैं।

## 'डिस्को डांसर' की कहानी

फिल्म डिस्को डांसर में दिखाया गया है कि अनिल (मिथुन चकवर्ती) के डिस्को डांसर बनने के सपनों के बीच उसकी गरीबी बार-बार आती है। उसकी मां पर चोरी का इल्जाम लगाकर जेल भेजा जाता है। कई साल बाद जब अनिल का स्टार बनने का सपना पूरा होता है तो वो अपनी मां का खोया सम्मान लौटाता है। हालांकि, ये सबकुछ करने में उसकी लोकप्रियता ही उसकी दुश्मनी बन जाती है। फिल्म में मिथुन के काम को काफी पसंद किया गया और उसके बाद से उन्हें डिस्को डांसर का टैग दे दिया गया था।

## लिस्ट में नई-नवेली दुल्हन सोनाक्षी भी शामिल

# अपनी शादी में मां की साड़ी और गहनों में दिखीं ये हसीनाएं


***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में इन दिनों शादियों का सीजन चल रहा है। बॉलीवुड से लेकर टीवी जगत की कई अभिनेत्रियां पिछले कुछ महीनों में दुल्हन बनी हैं। इस लिस्ट में रकुल प्रीत सिंह से लेकर कृति खरबंदा तक शामिल हैं। वहीं, 23 जून को सोनाक्षी सिन्हा भी दुल्हन बन गईं। इस मौके पर उन्होंने अपनी मां की ज्वेलरी पहनी थीं। आज आपको बॉलीवुड की कुछ उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने शादी के मौके पर अपनी मां को सम्मान देते हुए उनकी शादी से जुड़ी किसी चीज को पहना था।*



**कृति खरबंदा :** इस लिस्ट में हाल ही में पुलकित सम्राट की दुल्हन बनीं कृति खरबंदा का नाम सबसे पहले आता है। कृति 15 मार्च को पुलकित के संग पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी के बंधन में बंधीं। अपनी चूड़ा सेरेमनी के दौरान अभिनेत्री ने अपनी नानी का हार और मां की शादी की चुन्नी को अपने ब्राइडल लुक में शामिल किया था।



**यामी गौतम :** ऐसे ही यामी गौतम ने भी अपनी शादी में अपनी मां की साड़ी को पहना था। यामी के लिए उनकी मां की वह लाल साड़ी बेहद खास है क्योंकि उनकी मां भी उसी साड़ी में दुल्हन बनी थीं।



**सोनम कपूर :** बॉलीवुड में अपनी अलग स्टाइल के लिए मशहूर सोनम कपूर जब दुल्हन बनीं तब वे अपनी मां को सम्मान देना नहीं भूली थीं। अभिनेत्री ने अपनी शादी में अपनी मां सुनीता कपूर की शादी के गहनों को पहना था। सोशल मीडिया सोनम की शादी की तस्वीरें काफी वायरल भी हुई थीं और उनके फैंस को उनका ब्राइडल लुक भी काफी पसंद आया था।



**सोनाक्षी सिन्हा :** इस लिस्ट में जो सबसे नया नाम शामिल हुआ है वह सोनाक्षी सिन्हा का है। सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल की दुल्हन बनीं। अभिनेत्री ने अपने शादी के मौके पर अपनी मां की साड़ी और गहनों को पहना था। सोशल मीडिया पर सोनाक्षी की शादी की तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। वे अपनी मां की साड़ी में बहुत सुंदर लग रही हैं।

## खबर संक्षेप



### कृषि महाविद्यालय में नशा मुक्ति के लिए दिलाई गई शपथ

**कोरबा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाते हुए जिंदगी को हां नशे को ना विषय पर व्याख्यान का आयोजन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता वरिष्ठ प्रध्यापक डॉ जीपी भास्कर के द्वारा किया गया। प्रारंभ में द्वितीय वर्ष के छात्र साहिल पटेल के द्वारा नशा किस तरह से उनके ग्रामीण क्षेत्र में परिवारों को नष्ट कर रहे है कि जानकारी दी। डॉ दुष्यंत कौशिक के द्वारा नशा एवं व्यसन से होने वाले को कुप्रभाव के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। तत्पश्चाप डॉ वीएन गौतम के द्वारा नशा की शुरुआत से लेकर अब तक नशे से नुकसान के विषय में और सामाजिक विकास में ठहराव को अंकित करने के संबंध में जानकारी दी। डॉ जीपी भास्कर के द्वारा नशा को छोड़ते हुए अपने सकारात्मक लक्ष्य को ही नशा बनाने के बारे में बताया गया। अंत में राष्ट्रीय से योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ रोशन भारद्वाज के द्वारा नशा मुक्ति के संबंध में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में डॉ आकांक्षा पांडे का प्रमुख सहयोग रहा।

### मनोज शर्मा को नियुक्त किया गया संयोजक

**कोरबा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार मतदाताओं के सम्मान में भाजपा द्वारा 27 जून से 14 जुलाई तक



छत्तीसगढ़ में विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित करने हेतु लोकसभावार संयोजकों की नियुक्ति की गई है। छत्तीसगढ़ के सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कड़ी में कोरबा लोकसभा के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### चैतमा स्कूल में दिया गया पॉक्सो एक्ट जनजागरूकता संदेश



**चैतमा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चैतमा में राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर डॉ.मनोज सिन्हा समन्वयक, जिला संगठक वायके तिवारी, प्राचार्य संरक्षक के निर्देश पर कार्यक्रम अधिकारी वीरेन्द्र कुमार बंजारे के मार्गदर्शन में पॉक्सो एक्ट जनजागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र कुमार बंजारे ने बताया कि जीवन और अस्तित्व का अधिकार एक बच्चे को किसी भी प्रकार के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, मानसिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार और उपेक्षा से बचाया जाना चाहिए। बच्चे का सर्वोत्तम हित प्राथमिक विचार बच्चे का सामंजस्यपूर्ण विकास होना चाहिए। सम्मान और करुणा के साथ व्यवहार किए जाने का अधिकार न्याय प्रक्रिया के दौरान बाल पीड़ितों के साथ देखभाल और संवेदनशील तरीके से व्यवहार किया जाना चाहिए। भेदभाव से सुरक्षा का अधिकार, न्याय प्रक्रिया पारदर्शी और न्यायसंगत होनी चाहिए। चाहे बच्चे की सांस्कृतिक, धार्मिक, भाषाई या सामाजिक प्रवृत्ति कुछ भी हो विशेष निवारक उपायों का अधिकार यह सुझाव देता है कि पीड़ित बच्चों के दोबारा दुर्व्यवहार होने की संभावना अधिक होती है, इसलिए उन्हें आत्म-सुरक्षा के लिए निवारक उपाय और प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। पॉक्सो एक्ट जनजागरूकता संदेश चैतमा, ईरफ, गोपालपुर, माँगामार, रैनपुर, बम्हनी में स्वंय सेवक दुर्गेश पटेल, नरेन्द्र कुमार, विकास कुमार, दिव्यांशु कैवर्त, निखिल पटेल, सोनिया मरकाम, रजनी, रीना पटेल राहुल आरमोर, विवेक राज, दुलाओरीन, अस्वनी चंदेल, सोनिया प्रजापति, प्रत्युष कंवर, रोशनी, अल्का कंवर, यवन्तिका, रितिक ने पॉस्को एक्ट के महत्व को जाना।

# बस्तियों में पहुंच रहे महापौर, जनता की समस्याओं का कर रहे निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 27 गायत्री नगर बस्ती का निरीक्षण कर वार्ड के लोगों से मुलाकात कर मूलभूत सुविधाओं सहित साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने निगम अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने निर्देश दिए।

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 27 के गायत्री नगर मोहल्ले के लोगों के द्वारा महापौर राजकिशोर प्रसाद से मिलकर अपने क्षेत्र का भ्रमण करने का आग्रह किया गया था। इस पर संज्ञान लेते हुए महापौर श्री प्रसाद ने पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी के साथ मिलकर अधिकारियों के साथ अलसुबह गायत्री नगर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान लोगों ने बताया कि विगत कुछ दिनों से यहां

## गायत्री नगर वार्ड क्रमांक 27 में किया मुलाकात



पानी की कुछ समस्या बनी हुई है. कई लोगों के द्वारा अवैध टुल्लू पंप लगा दिए जाने से उन्हें पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है तथा पानी का प्रेशर कम हो जाता है। इस पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने वहां उपस्थित सहायक अभियंता राकेश मसीह और उप अभियंता रमेश सूर्यवंशी से तत्काल पानी सप्लाई को सुचारू रूप से बहाल करने के लिए निर्देशित किया, इस पर सहायक अभियंता राकेश मशीह ने बताया कि गायत्री नगर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति थोड़ा भिन्न है। मानिकपुर की पोखरी खदान के ऊपर डंपिंग पर घर बने हुए हैं, पाइपलाइन तो बिछी है लेकिन काफी ऊंचाई होने की वजह से पानी का प्रेशर कम हो जाता है और अवैध टुल्लू पंप लगा दिए जाने के कारण पड़ोसियों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता है। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने उन ऊंचाई वाले क्षेत्र के लिए पाइप लाइन में अलग से कंट्रोल वाल्व लगाकर पानी के प्रेशर को उचित प्रबंध करने का निर्देश दिया, कुछ क्षेत्र में सफाई की समस्या भी वार्ड वासियों ने बताया। इस पर तुरंत सफाई से संबंधित अधिकारी को फोन करके वहां की समस्या से अवगत कराया और तत्काल उसके निराकरण करने का निर्देश भी दिया। इस मौके पर सुनील यादव, भानु साहू, जीवन साहू, रघुवीर पटेल, नागेश्वर राठौर, संतोषी साहू, रामबली, निगम के सहायक अभियंता राकेश मसीह, उप अभियंता रमेश सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

## स्कूलों में शुरू हुई बच्चों की चहल-पहल

# अंचल के स्कूलों के खुले दरवाजे, तिलक लगाकर छात्रों का किया गया स्वागत



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व स्कूली बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रीष्मकालीन के लंबे अवकाश के बाद बुधवार को अंचल के स्कूलों के दरवाजे खुलने के साथ ही बच्चों की चहल पहल बढ़ गई। शहर से गांव तक के स्कूलों में

**खास बात**

- शहर से गांव तक के स्कूलों में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए शाला प्रवेश उत्सव मनाते हुए बच्चों को निःशुल्क किताबें व गणवेश का वितरण करने के साथ बच्चों को भोजन कराकर मुंह भी मीठा कराया गया। शहर के साडा कन्या स्कूल में महापौर राजकिशोर प्रसाद वार्ड पार्षद रितु चौरसिया की उपस्थिति में शाला प्रवेश मनाया गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा टीपी में शाला प्रवेशोत्सव महापौर राजकिशोर प्रसाद के मुख्य आतिथ्य एवं वार्ड पार्षद रितु चौरसिया के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। इस अवसर पर महापौर ने छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने की अपील करते हुए उनके आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए शुभकामनाएं दी। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में साडा कन्या विद्यालय की छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे छात्राएँ सौभाग्यशाली है जो इस विद्यालय मे अध्ययन कर रहीं हैं। उक्त प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नवप्रवेशित कक्षा 6वीं तथा 9वीं की छात्राओं को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाई साथ ही उन्हें निःशुल्क गणवेश और पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन में आभार प्रदर्शन संस्था के प्राचार्य रणधीर सिंह ने किया। कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता संजय जैन, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल, कमलेश सिंह तंवर, आरडी केशकर, गायत्री नायक, अविनाश बंजारे, तरुण राठौर बीआरसी लालघाट, प्रधान पाठक बीएल देवांगन, बीके निराला सविता पाठक, रेणुका लदेर, स्वप्निल पांडे, सुमिता चौधरी, कमलेश साहू, सविता राठौर, उमा साहू, मंजू साहू, मिथिला सिदार उपस्थित थे।

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राल में हुआ प्रवेश उत्सव

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला राल में बच्चों को तिलक एवं मिठाई खिलाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षक कृपाल सिंह पैकरा, आदिल मोहम्मद, कल्याण सिंह श्रीवास, शिवलाल सिंह कंवर, श्रीमती दीपशिखा कुर्रे, स्कूल के कर्मचारी गणेश राम चौहान का उपस्थित रहे।

### केवी कुसमुंडा में मनाया गया प्रवेश उत्सव

केंद्रीय विद्यालय कुसमुंडा में बुधवार को प्राचार्य योगेश गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानपाठिका श्रीमती आरएस साइमन की उपस्थिति में बालवाटिका 3 एवं कक्षा 1 के बच्चों का प्रवेश उत्सव एवं स्वागत कार्यक्रम मनाया गया।सर्वप्रथम नवप्रवेशी बच्चों का तिलकरोली लगाकर एवं शिक्षण सामग्री देकर स्वागत सत्कार किया गया। प्राचार्य योगेश गुप्ता जीनेअभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों,क्रियाकलाप, अनुशासन एवं समय के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि शिक्षा सभी बच्चों का मौलिक अधिकार है बच्चें शिक्षा प्राप्त कर अपने विद्यालय, परिवार एवं देश का नाम रोशन करेंगे। बच्चें शिक्षित होंगे तो देश भी उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त होगा। श्रीमती आरएस साइमन जीने नवप्रवेशी बच्चों को विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियाँ, समय, भोजन, गणवेश एवं अनुशासन के बारे में जानकारी प्रदान की। सभी बच्चों को विद्यालय के विभागों का भ्रमण कराकर सभी शिक्षकों से परिचित करवाया। नवप्रवेशी बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी प्राथमिक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।



### आमापाली में मनाया गया प्रवेश उत्सव



शासकीय माध्यमिक शाला प्राथमिक शाला आमापाली में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाला के प्रथम दिवस पर नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर चॉकलेट देकर मुंह मीठा कराते हुए पुस्तक व गणवेश वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को भोजन कराकर शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की प्रधान पाठिका श्रीमती शाजदा शेख, श्रीमती मायामोदी, राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक मुकुन्द उपाध्याय, श्रीमती सुमिरन टोप्पो, श्रीमती प्रिसिला टोप्पो, मनोज लहरे, रूपा काठले व गणमान्य नागरिक जितेंद्र खड़िया विशेष रूप से उपस्थित थे।

# सेजेस पंप हाउस में मनाया गया प्रवेश उत्सव



प्रवेशोत्सव में शामिल बच्चे व शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पंप हाउस में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर राजकिशोर प्रसाद, विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय अग्रवाल, पूर्व एल्डरमैन रामगोपाल यादव, गणमान्य नागरिक मोनू श्रीवास, राम किशोर यादव, राम कुमार साहू तथा शाला एवं प्रबंधन सदस्य के समिति के सदस्य सतीश साहू थे। सभी कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले सभी नव प्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाते हुए एवं पुस्तकों का वितरण करके शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। पूरे विद्यालय को रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था, साथ ही इस शुभ अवसर पर न्यौता भोज विद्यालय के प्राचार्य विवेक लांडे एवं समस्त शिक्षक की तरफ से सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों के लिए न्योता भोज की व्यवस्था की गई थी और सभी ने इस स्वादिष्ट भोज का आनंद उठाया।

### केवी एनटीपीसी में मना शाला प्रवेशोत्सव

केंद्रीय केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा में कक्षा पहली के बच्चों के लिए 26 जून को प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों को विद्यालय के बैंड पार्टी के द्वारा अगवानी करते हुए, तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को कार्ड, कैप, पेंसिल आदि देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस दौरान अध्यापिका श्रीमती संगीता रानी दास बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के नियम और बच्चों के शैक्षणिक विकास में माता-पिता के भूमिका के बारे में विस्तार से बतलाया गया। प्राचार्य एसके साहू द्वारा बच्चों को उचित दिशा निर्देश देते हुए बतलाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षक श्रीमती एम बल्हाल, कुमारी कुंती मिंज, कुमारी दीक्षा गुप्ता, अशोक देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व आभार श्रीमती एम बल्हाल ने किया।



# होटल, लॉज, फेरी करने वाले, किराएदार और संदिग्ध व्यक्तियों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जांच करते पुलिस कर्मचारी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस.चौहान एवं नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी एवं थाना-चौकी क्षेत्र अंतर्गत होटल, लॉज, फेरी करने वाले, किराएदारों और संदिग्ध व्यक्तियों का जांच अभियान चलाया गया। पुलिस टीम के द्वारा होटल, लॉज संचालकों को स्पष्ट हिदायत दिया गया है कि होटल, लॉज में रुकने वाले व्यक्तियों की सूची बनाकर थाने में विधिवत तरीके से दिया जाए और अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में रुका हो उसकी जानकारी भी तुरंत नजदीकी थाने में दिया जाए। पुलिस टीम के द्वारा संदिग्धों और मुसाफिरों की जांच को लेकर क्षेत्र में घूम-घूम कर सामानों की फेरी करने वाले, सड़क किनारे जडी बूटी, कपड़े, खिलौने बेचने वाले तथा गैस चूल्हा आदि रिपेयर करने वालों को पुलिस थाना में तलब कर उनके वास्तविक पते, वर्तमान गतिविधियों तथा मुसाफिरी दर्ज कराने की जानकारी लिया गया। कुछ फेरीवालों ने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराये थे उनकी मुसाफिरी दर्ज करायी गई। इस वर्ष आज दिनांक तक कोरबा पुलिस के द्वारा मुसाफिर चेक करते हुए 2021 लोगों को चेक किया गया, 604 किरायेदारो को तस्दीक़ किया गया, संदिग्ध अजनबी (एस एस रोल) के तहत 2046 लोगों को चेक किया गया एवं कदाचारी (बीसीरोल) के तहत 42 लोगों को चेक किया गया है।

# हड़ताली सचिवों पर हो कार्रवाई, वर्षों से जमे सचिवों को हटाए जाए : सरपंच संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पांचों विकासखंड के अंतर्गत कार्यरत पंचायत सचिवों के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल 24 जून से की जा रही है। 4 सूत्रीय मांगों के संबंध में एक तरफ जहां उप संचालक जिला पंचायत जूली तिर्की के द्वारा निराकरण कर देने की बात कही गई है तो दूसरी तरफ पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर ने निराकरण से असंतोष जाहिर करते हुए हड़ताल जारी रखने का ऐलान किया है। आईटीआई तानसेन चौक पर हड़ताल बदस्तूर जारी है, जिसमें कई सचिव शामिल हो रहे हैं और कईयों ने दूरी बनाकर रखी है। इस बीच मांग उठने लगी हैं कि हड़ताल पर गए सचिवों पर कार्यवाही करने के साथ-साथ ऐसे सचिवों को हटाया जाए जो वर्षों से एक ही पंचायत में जमे हुए हैं।

सरपंच संघ-जनपद पंचायत कटघोरा के अध्यक्ष होरीसिंह कंवर ने जिला पंचायत सीईओ को 3 दर्जन से अधिक सरपंचों का हस्ताक्षरित पत्र लिखा है कि जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सचिवो द्वारा हड़ताल की जा रही हैं, जबकि कुछ नेता सचिवों के अलावा किसी और सचिवों की इस हड़ताल में जाने कोई रुचि नहीं है। जबरदस्ती फोन कर हड़ताल में जाने के लिए बुलाया जा रहा है, जबकि जिला पंचायत के द्वारा मांग पूरा किया जा चुका है फिर भी हड़ताल किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। अध्यक्ष होरीसिंह कंवर ने कहा है कि सरपंचों का कार्यकाल ज्यादा दिन शेष भी नहीं है। समस्त कार्यों का क्रियान्वयन करने में तथा ग्राम पंचायत की समस्याओं का समाधान करने में परेशानी हो रही है। इन नेता सचिवों के द्वारा शासन-प्रशासन की छवि धूमिल करने का प्रयास कर कुछ लोगों के लिए राजनीति किया जा रहा है।

पृष्ठ 1 का शेष

### एनजीटी की ...

एनजीटी की टीम द्वारा एसएलआरएम सेंटर का भी निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान एनजीटी की टीम स्वच्छता दीदियों से भी चर्चा कर उनसे कचरे की प्रोसेसिंग, तौल और खाद बनाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी जुटा सकते हैं। इसके अलावा शहर में स्थित कचरा डपिंग यार्ड का भी निरीक्षण करने एनजीटी की टीम पहुंच सकती है।

# अलग-अलग हादसे में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग हादसों में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चोटिया की है। यहां निवासरत रामकुंवर 40 वर्ष पति स्व. शिवकुमार सिंह अपने दामाद के मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से चोटिया से मड़ई की ओर आ रही थी कि मड़ई के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे रामकुंवर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। इसी तरह मौत की दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्वमंगला रोड में घटित हुई है। बताया जाता है कि यहां निवासरत असीम दास 45 वर्ष पिता स्वर्गीय अशोक दास बिस्तर से गिर गया था जिससे उसे गंभीर चोट आई थी और परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान असीम दास की मौत हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार असीम दास के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल उसकी मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।


## कोरबा मार्केट

**गुप्त रोग**
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**अपना फार्मेसी**
डॉक्टर सेवा उपलब्ध
डॉ.प्रियंका गोयल — MBBS, DGO Gold Medalist — प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ — गर्भाशय की कैंसर, गर्भनिरोधक परामर्श एवं अन्य स्त्री रोगों की परामर्श एवं ईलाज — सोम से शनि शाम 4 से 6 बजे तक
डॉ.बी.के. झलरिया — MBBS — फैमिली एवं जनरल फिजिशियन — मधुमेह, रक्तचाप, दमा, बुखार, शारीरिक कमजोरी एवं अन्य सभी प्रकार के रोगों का ईलाज — सोम से शनि शाम 5 से 7 बजे तक
डॉ.स्नेहा चंद्रा — B.A.M.S. — प्रातः 9.30 से 2.00 बजे तक — सर्दी, खांसी, बुखार, श्वांस रोग, चर्म रोग, सफेद दाग, नसों व जोड़ों में दर्ज, मधुमेह, शिशु रोग का उपचार
सुभाष चौक के पास निहारिका, कोरबा
मो.9340230710

**विद्यार्थी बचत योजना**
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745


## ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार राजेश कुमार देवले, पिता- रमेश बी देवले, अपने पुत्र - दिव्यांश देवले का दाखिला न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल, कोसाबाड़ी कोरबा छ0ग0 में कराया गया था। दाखिला कराने के पूर्व मेरे पक्षकार के द्वारा न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में दिये स्थानांतरण प्रमाण पत्र में उसका नाम राजेश देवले दर्ज था। अब मेरे पक्षकार को अपने नाम के संबंध में त्रुटि सुधार कर न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल से राजेश देवले के स्थान पर राजेश कुमार देवले का स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त करना है जो कि मेरे पक्षकार के आधार कार्ड में दर्ज है। उक्त संबंध में ईश्तहार प्रकाशन को न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल के कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

महेश शुक्ला
अधिवक्ता
जिला एवं सत्र न्यायालय कोरबा (छ0ग0)

26 korba-Bhoomi pg4_Layout 1 6/26/2024 11:47 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### आर्यन पब्लिक स्कूल झाबर में बाल संस्कार केंद्र का शुभारंभ

**हरदीबाजार।** ग्रामीण अंचल में आधुनिक संस्कार युक्त शिक्षा प्रदत्त करने को कृत संकल्पित आर्यन पब्लिक स्कूल झाबर में मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग दीपका नगर द्वारा निःशुल्क बाल संस्कार केन्द्र एवं पाठ दान केन्द्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अजय कुमार दुबे, जिला संयोजक सनातन संघर्ष समिति एवं संचालक आर्यन पब्लिक स्कूल रहे। वहीं संजय पाठक, दीपका ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अजय कुमार दुबे ने कहा कि बाल संस्कार केन्द्र के द्वारा हमें गांवों-गांवों में इसे पुनःस्थापित करना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सेवा विभाग इस दिशा में प्रयास रत है। अस अवसर पर बुद्धिसागर शाही, डॉ. अशोक राजवाड़े, अश्विनी जायसवाल, खगेंद्र कौशिक, संजय अग्रवाल, रंजन सिंह, रामप्रताप पाटनवार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रानी दुर्गावती के 459वें बलिदान दिवस हुआ संगोष्ठी



**कोरबा।** आदिवासी शक्ति पीठ कोरबा मे गोंडवाना साम्राज्ञी रानी दुर्गावती मरावी का 459वीं बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महारानी दुर्गावती के स्वाभिमानी शौर्य गाथा पर संगोष्ठी तथा पुष्पांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज के गणमान्य सदस्य मातृशक्ति युवा शक्ति एवं आदिवासी शक्ति पीठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हर्बल रिटेल मार्केटिंग नेटवर्क विकसित करने दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा छत्तीसगढ़ हर्बल रिटेल मार्केटिंग नेटवर्क विकसित करने हेतु वर्तमान में संचालित वन धन विकास केन्द्रों के द्वारा उत्पादित औषधियों को विक्रय करने हेतु रिटेल मार्केटिंग नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। जिस हेतु विभाग द्वारा संजीवनी केन्द्रों के माध्यम से औषधियों का विक्रय किया जा रहा है के साथ शासकीय उचित मूल्य की दुकान के माध्यम से वन धन विकास केन्द्र द्वारा उत्पादित औषधियों का विक्रय करने हेतु एक अति महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसके तहत जिले के 10 उचित मूल्य दुकानों के प्रभारियों को 26 जून को कटघोरा वनमंडल के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मुकेश अग्रवाल सहायक खाद्य निरीक्षक कटघोरा, विरेन्द्र कुमार, बैद्य जिला यूनियन कटघोरा, नरेश अग्रवाल विक्रेता, श्री श्याम महिला स्व सहायता समूह रामसागर पारा सहित अन्य उपस्थित थे।

### जिला पुलिस द्वारा नए कानूनों के संबंध में कार्यशाला का किया गया आयोजन

**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के पत्रकार को बताने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दोपहर 2:30 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा पीपीटी के माध्यम से नवीन क़ानून के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक के द्वारा मीडिया से अनुरोध किया कि नवीन क़ानूनों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करे ताकि जनमानस को इसके बारे में जानकारी हो जाये। ज्ञात हो कि 1 जुलाई से नये क़ानून लागू हो जाएंगे। इसलिए इसके बारे में जानकारी देने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। लागू होने वाले नए कानून देश की न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाएंगे। भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार करना है जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ सुरक्षा उपायों को भी सुनिश्चित करती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की मान्यता और प्रमाणिकता से संबंधित है।

### 80 नग नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सरगुजा पुलिस ने 80 नग नशीला इंजेक्शन बरामद करने साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि गौरव पथ मौलवी बांध के समीप शुभम सिंह नामक युवक प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन लेकर ग्राहक का इन्तजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर गांधीनगर थाना अंतर्गत सुभाषनगर पंजाब गार्डन के पीछे रहने वाले 25 वर्षीय शुभम सिंह केराम को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास से 80 नग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी से नशीला इंजेक्शन व घटना में प्रयुक्त बाइक क्रमांक सीजी 10 डीजेड 6654 को जब्त कर धारा 21 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

# धूल के गुबार और कीचड़ से सड़क पर आवागमन करना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

## सर्विस लेन का अब तक नहीं हुआ डामरीकरण

**खास बात**

- मामला राष्ट्रीय राजमार्ग 149 बी कोरबा-चांपा का

अलग खबर



राष्ट्रीय राजमार्ग 149 बी चाम्पा से निर्माणाधीन कोरबा के मध्य है, जिसमें पिछले लंबे समय से अनियमिताओं को लेकर ग्रामीणों द्वारा समय समय पर शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है। विशेषकर सर्विस लेन सड़क का डामरीकरण नहीं होने से आवागमन में होने वाली परेशानी को लेकर क्षेत्रवासियों ने धरना प्रदर्शन भी किया है, किंतु उसके बावजूद आज तक सर्विस लेन सड़क का डामरीकरण नहीं होने से धूल के गुबार और हाल ही में हुई बारिश के कारण कीचड़ होने से आमजनों का आवागमन करना मुश्किल हो गया है।

सर्विस लेन सड़क को लेकर पिछले कई महीनों से इस राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस लेन की डामरीकरण का मुद्दा चर्चा में है, लेकिन फिर भी अभी तक बरपाली समेत कई गांव के पास के सड़क का डामरीकरण नहीं हो पाया। जिससे आम लोग व राहगीर काफी परेशानी का सामना कर रहे हैं। लोगों का कहना है डामरीकरण नहीं होने से गर्मी के दिनों में धूल का गुबार और बारिश में कीचड़ खाने मजबूर हैं और जब कीचड़ सूख जाता है तो राहगीरों का चलना दुभार हो जाता है। जिसकी पूरी जिम्मेदार कहीं न कहीं प्रशासन व नेशनल हाइवे अथॉरिटी को ही माना जा सकता है। बीते दिनों बरपाली के पास जो इस सड़क की कंक्रीट पिअर में दरार की खबर आई थी, उस पर भी लीपापोती कर दिया गया। अब देखना है कि सर्विस लेन का डामरीकरण कब तब किया जाता है। आने वाले दिनों में बरसात बाकी है और डामरीकरण नहीं करने से पूरा कीचड़ व धूल उड़ने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

## विभाग में मचा हड़कंप, नगर सैनिक की थी तैनाती

# मेन गेट खुला देख बाल संप्रेक्षण गृह से दो अपचारी हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रिस्दी में महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल संप्रेक्षण गृह से बुधवार की सुबह 2 बजे अपचारी बालक संप्रेक्षण गृह का मेन गेट खुला देख ड्यूटी में तैनात नगर सैनिक को चकमा देकर फरार हो गए हैं, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया है। दोनों अपचारी बालक पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के निवासी बताए गए हैं। घटना की सूचना विभाग द्वारा पुलिस को दी गई है।

अवैद्यानिक कार्यों, गतिविधियों में संलिप्त नाबालिग अपचारी बच्चों के सुधार के लिए छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं वाल विकास विभाग द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह का संचालन किया जा रहा है, जहां 43 बच्चे रखे गए हैं, जिनमें दो बच्चे बुधवार की सुबह फरार हो गए हैं। जिले के नगर निगम के वार्ड रिसदी में बाल संप्रेक्षण गृह का संचालन किया जा रहा है। जहां से बुधवार की सुबह दो अपचारी बालक बाल संप्रेक्षण गृह का मेन गेट खुला देखा और भागने की योजना बनाकर ड्यूटी में तैनात नगर सैनिक को चकमा देते हुए सुबह 8.30 बजे फरार हो गए। जैसे ही इसकी जानकारी बाल संप्रेक्षण गृह के अन्य कर्मचारियों को लगी तो उनमें हड़कंप मच गया और आसपास खोजबीन कर सम्प्रेक्षण गृह के अन्य बच्चों से इस संबंध में जानकारी लिए जाने पर बच्चों के फरार होने का मामला सामने आया, जिसकी सूचना सम्प्रेक्षण गृह के कर्मचारियों ने परियोजना अधिकारी बजरंग सांडे को दी। मौके पर अधिकारियों ने पहुंचकर घटना का ब्यौरा लिया तो यह पाया कि सुबह 8.30 बजे के लगभग ड्यूटी में तैनात नगर सैनिक द्वारा मेनगेट खोलकर रखा गया था, जिसे दोनों अपचारी बालक देख लिए और गार्ड को झांसे में लेकर संप्रेक्षण गृह से फरार हो गए।



बाल संप्रेक्षण गृह जहां से बच्चे हुए हैं फरार।

### करोड़ों का भवन फिर भी चल रहा किराए में

नगर निगम के वार्ड कोहड़िया में लगभग 1 करोड़ की लागत से बाल सम्प्रेक्षण गृह का निर्माण किया गया है। उसके बावजूद बाल सम्प्रेक्षण गृह सहित बालक एवं बालिका गृह का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किराए के भवन में किया जा रहा है। लगभग दो वर्ष भवन को निर्माण किए हो गया है, किंतु एप्रोच रोड नहीं होने के कारण भवन का संचालन शुरू नहीं हो सका है। बाल संप्रेक्षण गृह में महज एक नगर सैनिक की गार्ड के तौर पर सेवाएं ली जा रही। जिसका खामियाजा बुधवार को एक बार फिर भुगतना पड़ा। फरार दोनों बच्चे जांजगीर जिले के बलौदा एवं चाम्पा थाना क्षेत्रान्तर्गत के हैं। सिविल लाइन रामपुर कोरबा के अलावा सम्बंधित थानों को इसकी सूचना दे दी गई है। अपचारी बच्चे भागकर घर या रिश्तेदारों के पास ही जाते हैं ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही बच्चों का पता चल जाएगा।

### मेन गेट खोलकर बैठा था गार्ड

गार्ड द्वारा गेट खुला रखने की वजह से मौके का फायदा उठाकर दो अपचारी बच्चे संप्रेक्षण गृह से फरार हो गए हैं। स्थानीय पुलिस के अलावा संबंधित थानों को इसकी सूचना दे दी गई है एवं नगर सेनानी को भी इस मामले से अवगत करा दिया गया है।

**-बजरंग सांडे,**
प्रभारी अधीक्षक बाल संप्रेक्षण गृह रिसदी

# सुसाइड नोट लिखकर युवती ने मौत को लगाया गले, पुलिस जुटी जांच में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

21 वर्षीय युवती में अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवती ने आत्महत्या करने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा है जिसमें उल्लेख किया है कि मैं दुखी होकर यह आत्मघाती कदम उठा रही हूं और अपने फैमिली वाले को आई लव यू करने का जिक्र किया है। पुलिस मौके पर मिले सुसाइड नोट को जप्त कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के मानस नगर की है। बस्ती में निवास करने वाले बसंत लाल यादव की 21 वर्षीय पुत्री भगवती यादव सराफा दुकान में सेल्समैन का काम करती थी जिसे बुधवार को अपने घर में चुनरी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने पर सीएसईबी चौकी प्रभारी भीम सिंह यादव दलबल सहित मौके पर पहुंचे थे जहां मामले की बारीकी से जांच की गई। जहां घटनास्थल पर पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला है। चौकी प्रभारी श्री यादव ने बताया कि सुसाइड नोट में भगवती ने जिक्र किया कि वह दुखी होकर यह आत्मघाती कदम उठा रही है और अपने फैमिली वालों को आई लव यू करने का जिक्र किया है। मौके से मिले सुसाइड नोट को जप्त कर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। परिजनों को भी समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर उनकी पुत्री ने आत्मघाती कदम क्यों और किस लिए उठाया है। पुलिस मामले को लेकर बारीकी से विभिन्न बिंदुओं को लेकर जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठ सकेगा कि आखिर भगवती ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है।

### फंदे में लटकी मिली युवक की लाश

उरगा थाना क्षेत्र में रहने वाला एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटकती मिली है। जानकारी के अनुसार युवक ने पत्नी को परिवार के लोगों के साथ काम करने खेत में भेजा था। दोपहर जब परिवार के लोग खेत से लौटे तो कमरे में युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। उक्त घटना की सूचना उरगा पुलिस को दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंच मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले में जांच-पड़ताल में जुट गई है।

# विज्ञापन छापने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेलसरा निवासी रामभवन सिंह खुसरो उम्र 40 वर्ष पिता समेलाल खुसरो ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 21 फरवरी को सुबह 10:34 बजे पेंड्रारोड बस्तीबगरा रोड से कार में एक व्यक्ति आकर अपना नाम अमरजीत सिंह सलूजा निवासी रायपुर बताया जो घर के पास आकर मकान के दीवाल में नेहा एंड लव का विज्ञापन छापने से प्रति माह 6 हजार रूपये मिलेगा बोलकर नेहा एंड लव बेंचने के लिए 4 कार्टून नेहा एंड लव छोडकर 26 हजार 5 सौ रुपए पेमेंट कर दो कहने पर अपने से गूगल पे के माध्यम से अमरजीत सिंह सलूजा के मोबाईल नंबर में 21 फरवरी को 10:34 बजे 26 हजार 5 सौ रूपये ट्रांसफर किया था। नेहा एंड लव की विज्ञापन दिवार में छपवाने के नाम पर 26 हजार 5 सौ रूपये का पैसा लेकर ठगी किया है कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरूध धारा 420 के तहत अपराध कायम कर आरोपी मकान नं.399 गली नं. 2 सिंधी कालोनी तेलीबांधा रायपुर निवासी अमरजीत सिंह सलूजा उम्र 57 वर्ष पिता स्व.लाभसिंह सलूजा को गिरफ्तार किया गया।

# शार्ट सर्किट एसबीआई बैंक में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घंटाघर स्थित एसबीआई बैंक में देर रात को शार्ट सर्किट की वजह से बैंक में आग लग गई। देर रात को आग की सूचना मिलने पर फायर व सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां घंटों मशक्कत के बाद आग को काबू कर लिया गया। इस आगजनी से बैंक प्रबंधन को भारी क्षति हुई है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत घंटाघर में भारतीय स्टेट बैंक का शाखा संचालित होता है। मंगलवार देर रात लगभग 12 बजे बैंक मे आग लग गई। आग लगने की जानकारी होते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आगजनी की सूचना पाते ही आसपास के दुकानदार दौड़े दौड़े मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना फायर ब्रिगेड व सिविल लाइन पुलिस को दी गई। जहां फायर, पुलिस व बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा तत्काल लाइन कनेक्शन को विच्छेदित किया और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने दमकल वाहन के साथ पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास जारी रखा और एक घंटे की कड़ी में मस्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। विद्युत विच्छेद करने के कारण आसपास के इलाकों और कालोनी क्षेत्र में अंधेरा छाया रहा। बताया जा रहा है कि एसबीआई कर्मी की लापरवाही से यह आगजनी की घटना हुई है। यहां काम के बाद कर्मी एसी ऑफ करना भूल गए और इस लापरवाही के कारण सुबह से चल रही एसी में बढ़ती गर्मी ने शार्ट सर्किट करा दिया जिससे यहां आग लग गई।



आगजनी के दौरान लोगों की लगी भीड़।

### आग बुझाने में प्रधान आरक्षक ने दिखाया सूझबूझ



घंटाघर स्थित एसबीआई बैंक में आगजनी की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक आकाश शर्मा दलबल शाहिद मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड की टीम जब नहीं पहुंची थी उन्होंने तत्काल बगल में संचालित कुमार पेट्रोल पंप से फायर से जुड़े उपकरण मांगने के लिए जा पहुंचे जहां पेट्रोल पंप से फायर उपकरण लेकर बैंक पहुंचे और उन्होंने सूझबूझ का परिचय दिखाते हुए आगजनी को कंट्रोल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही उनके द्वारा विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ बैंक के भीतर घुसकर कनेक्शन को काटा गया। इसके उपरांत फायर ब्रिगेड की टीम ने तत्काल मौके पर ही आग को काबू करने के लिए पानी के बौछार की गई। लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू कर लिया गया। यदि प्रधान आरक्षक आकाश शर्मा द्वारा सूझबूझ का परिचय नहीं दिया जाता तो निश्चित तौर पर आगजनी की घटना बड़ी हो सकती थी और बैंक प्रबंधन को भारी लाखों का नुकसान हो सकता था।

# शराब के साथ आरोपी गिरफ़्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत केराकछार बढईपारा निवासी श्यामसुंदर कंवर उर्फ़ बाबा उम्र 32 वर्ष पिता सीताराम कंवर के कब्जे से एक 15 लीटर वाले डिब्बे में हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब, एक सफेद रंग की 5 लीटर वाला प्लास्टिक की जरिकेन में भरा 5 लीटर करीब हाथ भठ्ठी कच्ची महुआ शराब जुमला 20 लीटर शराब बिक्री रकम 100 रूपया कीमती 2 हजार रुपए को जप्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी श्याम सुंदर कंवर के विरुद्ध धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ़्तार किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## सरायपाली परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों का 28 जून को बड़ा प्रदर्शन

# एसईसीएल मुख्यालय का गेट जाम करेंगे भूविस्थापित परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला उत्खनन के लिए अपने पुरखों की जमीन देने वाले किसान दशकों से अर्जित भूमि के एवज में रोजगार पाने यहां-वहां भटक रहे हैं। परियोजना महाप्रबंधक के अंतर्गत सरायपाली बुड़बुड़ खदान के लिए जमीन देने वाले किसान भी इसमें शामिल हैं। इस परियोजना के पीड़ित किसानों ने विवश होकर 28 जून को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर का समस्या निराकरण होते तक गेट बंद करने की चेतावनी मुख्यालय को दे दी है।

सीएमडी के नाम प्रेषित ज्ञापन में भू-विस्थापितों ने बताया कि इस परियोजना के लिए प्रथम चरण में 550 एकड़ भूमि एलए एक्ट के तहत अधिग्रहित की गई थी जिसका अवार्ड 2007 में किया गया है। अधिग्रहण की प्रक्रिया के दौरान महाप्रबंधक कोरबा ने लिखित में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटघोरा को पत्र प्रेषित कर जानकारी उपलब्ध कराया था कि अर्जित कउी जाने वाली भूमि के एवज में किसानों को मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति 1991 के तहत रोजगार दिया जाएगा। ग्रामीण इस बात से आश्वस्त थे, कि हमें मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति 1991 के अनुसार रोजगार प्रदान किया जाएगा। प्रबंधन के अधिकारियों ने मध्यप्रदेश पुनर्वास नीति के तहत पात्र व्यक्तियों को पात्रता प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया था। तत्कालीन जिलाधीश रजत कुमार ने क्षेत्रीय विधायक अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, प्रबंधन एवं ग्रामिणों की उपस्थिति में मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति के तहत शीघ्र रोजगार प्रदान करने एवं दूसरे दिन से शिविर लगाकर नामांकन जमा लेने हेतु आदेशित किया था। आदेश के अनुरूप ग्रामीणों ने रोजगार नामांकन जमा किया जिसका रोजगार सत्यापन पूर्ण होने के बाद एकाएक मध्य प्रदेश पुनर्वास नीति 1991 के स्थान पर कोल इंडिया पॉलिसी 2012 के अनुसार रोजगार देना प्रारंभ कर दिया। रोजगार नीति को अचानक बदलने से ग्रामीण हैरान एवं दुःखी हो गए। तत्काल जिलाधीश से आपत्ति दर्ज कराई, परंतु कार्यवाही नहीं होने से रोजगार सत्यापन पूर्ण होने के बाद रोजगार के लिए भटक रहे हैं।

### मुख्यालय में सपरिवार करेंगे आंदोलन

प्रभावितों हेमलाल, परमेश्वर कुमार, जेठिया भाई, बचन बाई, अनिलिका बाई, उषा बाई, अनिता, पूजा ने बताया कि एसईसीएल की अन्य परियोजना आमाडांड, निम्हा, कुहका में भी इसी तरह ग्रामीणों के साथ छल किया गया था। ग्रामीणों के द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर मध्यप्रदेश मे रिट पिटीशन 7968/2009 कोमल केवट विरूद्ध कोल इंडिया लिमिटेड एवं अन्य दायर किया गया था। कोर्ट की शरण में जाने के बाद ग्रामीणों को न्याय मिल गया। बुड़बुड़ सरायपाली के ग्रामीणों ने आवेदन निवेदन करने के उपरांत भी 9-10 वर्षों से भटक रहे हैं। रोजगार के लिए 28 जून को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर का गेट जाम करने ज्ञापन दिए हैं। इस दिन पीड़ित ग्रामीण पूरे परिवार के साथ आंदोलन में बैठेंगे। ग्रामीण रोजगार के लिए आर-पार की लड़ाई लडने के लिए कमर कस लिए हैं।